5.	Shri Mahendra Singh	30.08.91 to 31.12.92
6.	Shri T. T. Adhikari (Addl. charge pending appointment of regular MD)	01.01.93 to date
(iii) Head of the Marketing Division		
1.	Shri V. Ramanathan Chief Manager (C.M.)	11.04.88 to 06.01.89
2.	Shri R. L. Banerjee, C.M.	06.01.89 to 31.10.90
3.	Shri G. N. Awasthi, C.M.	09.05.88 to 23.11.91
4.	Shri S. S. Yadav, C.M.	19.06.91 to 31.01.92
5.	Shri Y. Jha, General Manager	29.05.92 to date
6.	Shri O. P. Meghaney, General Manager	18.11.92 to date
(iv) Heads of Finance Division		
1.	Shri T. T. Adhikari, CAF	18.05.86 to 18.10.88
2.	Shri R. J. Singh, IRS CCAF	19.10.88 to 30.08.91
3.	Shri T. T. Adhikari CAF/CCAF	01.09.91 to date

6S3. *[Transferred to 5th March, 1993]*

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बेची जाने वाली वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि

684. **श्री राम जेठमलानी:**
श्री विरेन जे॰ शाह:

क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से बेची जाने वाली वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि की गई है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1992-93 के दौरान किन-किन वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि की गई और किस-किस तारीख से और उनके मूल्यों में इस वृद्धि का प्रतिशत कितना है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस मूल्य-वृद्धि की घोषणा के पश्चात् खुले बाजार में भी आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य बढ़ गये हैं; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री कमालुद्दीन अहमद): (क) से (घ) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए राज्यों को आवंटित खाद्यान्नों तथा लेवी चीनी के केन्द्रीय निर्गम मूल्य 1992-93 के दौरान संशोधित किए गए थे। उनका ब्यौरा इस प्रकार है:—

वस्तु	निम्नांकित तारीखों से प्रभावी सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु केन्द्रीय निर्गम मूल्य		वृद्धि का प्रतिशत
	28.12.91	11.1.93	
1. चावल (प्रति क्विंटल)	377.00	437.00	15.9
कामन फाइन	437.00	497.00	13.7
सुपरफाइन	458.00	518.00	13.1
2. गेहूं (प्रति क्विंटल)	280.00	330.00	17.8
3. लेवी चीनी प्रति कि॰ ग्रा॰)	6.90 (21.1.92 से प्रभावी)	8.30 (17.2.93 से प्रभावी)	20.3

गेहूं और चावल की बेहतर उपलब्धता के कारण फिलहाल उनके भावों में नरमी का रुख है। लेवी चीनी की कीमतें हाल ही में (17.2.93) को बढ़ाई गई हैं। तभी से खुले बाज़ार में चीनी के खुदरा मूल्यों में वृद्धि का रुख दिखाई पड़ा है, जिसके प्रतिकार के लिए सरकार ने खुली बिक्री हेतु 50,000 मी॰ टन का अतिरिक्त कोटा निर्मुक्त किया है।

685.*[Transferred to 5th March, 1993J*